# बैंक नोट मुद्रणालय, देवास (म.प्र.)

(आईएसओ : 9001:2015, 14001:2015 एवं 45001:2018 प्रमाणित इकाई)

(भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड की इकाई)

(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)

क्र. बीएनपी/मा.सं./61/2025 दिनांक 02.04.2025

विज्ञापन सं. 05/2025

## परामर्शदाता के पद पर संविदा आधार पर नियुक्ति

बैंक नोट मुद्रणालय, देवास (म.प्र.), भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड की इकाई, भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली मिनीरत्न श्रेणी-I सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एन्टरप्राइज कंपनी की नौ इकाईयों में से एक है।

बैंक नोट मुद्रणालय, देवास (म.प्र.) द्वारा परामर्शदाता के पद पर दिनांक 30.09.2025 तक की निश्चित अवधि संविदा आधार पर कार्य करने हेतु पर्यवेक्षक एवं कामगार स्तर से सरकारी/पीएसयू/एसपीएमसीआईएल से सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को साक्षात्कार / वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए आमंत्रित करते हैं।

योग्यता मापदण्ड:

| क्र. | पदनाम | योग्यता | देय परिलब्धियाँ |
|---|---|---|---|
| 1. | परामर्शदाता (पर्यवेक्षक/कामगार) | i. कर्मचारी (सरकारी / पीएसयू / एसपीएमसीआईएल से सेवानिवृत हो) W-1 से S-2 स्तर, जिन्हें सिक्यूरिटी एवं करेंसी प्रिंटिंग संगठन में मुद्रण, रख-रखाव, नियंत्रण, आदि अनुभाग में कार्यात्मक अनुभव हो।<br>ii. सातवें वेतनमान के पे मेट्रिक्स स्तर-1 में वेतनमान रु. 18,000-56,900/- से स्तर-7 के वेतनमान रु. 44900-142400/- से सेवानिवृत हो। | रु. 46000/- या<br>रु. 35000/- प्रतिमाह<br>(समस्त सम्मिलित) |

2. **अनुबंध की अवधि:** उपरोक्त पद पर चयनित सेवानिवृत कर्मचारियों को दिनांक 30.09.2025 तक के अवधि के लिए अनुबंधित किया जाएगा। अनुबंध की अवधि कार्य निष्पादन के आधार पर रहेगी, जिसे 30.09.2025 के पहले भी समाप्त की जा सकती है।
3. **अधिकतम आयु सीमा:** आवेदन प्राप्त करने के अंतिम तिथि को सेवानिवृत कर्मचारी 64 वर्ष से कम आयु का होना चाहिए।
4. **नोट**

| वॉक-इन-इंटरव्यू की दिनांक<br>05.04.2025 (शनिवार) | रिपोर्टिंग का समय<br>प्रातः 10.00 बजे |
|---|---|
| स्थल : प्रशासनिक भवन, बैंक नोट मुद्रणालय, देवास (म.प्र.)-455001 | |

i. इच्छुक एवं पात्र सेवानिवृत कर्मचारी वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु पूर्ण रूप से भरे हुए निर्धारित आवेदन के साथ शैक्षणिक, अनुभव, आयु, चिकित्सा एवं पुलिस सत्यापन से संबंधित समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं स्व-प्रमाणित एक प्रति सहित उपस्थित होंगे।

ii. कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त दस्तावेजों के बिना अथवा रिपोर्टिंग समय के बाद उपस्थित होने वाले सेवानिवृत कर्मचारी को अनुमति नहीं दी जाएगी।

iii. सभी पात्रता / आयु इत्यादि की शर्तें वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि से लागू होंगी।

iv. प्रबंधन के पास विज्ञापन को पूर्ण या आंशिक तौर पर निरस्त / संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है।

v. निर्धारित आवेदन फॉर्म तथा नियुक्ति की निबंधन एवं शर्तें आदि, कंपनी की वेबसाईट **https://bnpdewas.spmcil.com** पर उपलब्ध है।

बैंक नोट मुद्रणालय, देवास (म.प्र.) ★ भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन ★ एस.पी.एम.सी.आई.एल. की इकाई

सही/-

**उप प्रबंधक (मा.सं.)**

अनुलग्नक-I

## अनुबंध के नियम और शर्तें

1. कार्यकाल की प्रारम्भिक अवधि दिनांक 30.09.2025 तक रहेगी, जो नियुक्ति के दिनांक से लागू होगी, जिसे बाद में कंपनी के विवेक पर घटाया या बढ़ाया जा सकता है।
2. आपको कार्य करने हेतु बैंक नोट प्रेस, देवास (एसपीएमसीआईएल की एक इकाई) मे पदस्थ किया जाएगा।
3. आपके सीधे अधोहस्ताक्षरी नियुक्त पदाधारी के नियंत्रण /मार्गदर्शन / आदेश / पर्यवेक्षण में कार्य करना होगा। आपके कर्तव्यो और जिम्मेदारियों के संबंध में अलग से आदेश जारी किया जाएगा।
4. आप्र विभाग से संबंधित किसी भी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर या प्रमाणित नहीं करेंगे, ना ही बिल आदि पास करेंगे और एसपीएमसीआईएल की इकाई बीएनपी देवास के कर्मचारियों के कार्य का पर्यवेक्षण या नियंत्रण नहीं करेंगे । तथापि, आपको सौंपे गए कार्य की प्रगति/निष्पादन के संबंध में आप संबंधित अधिकारियों/विभागों से बातचीत कर सकते हैं।
5. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को बैंक नोट प्रेस, देवास द्वारा निर्धारित समय के अनुसार काम करना होगा। लागू अवकाश वही होंगे जो इस इकाई में पदस्थ एसपीएमसीआईएल के कर्मचारियों पर लागू होते हैं।
6. पर्यवेक्षकों के मामले में रु.46000/- रूपये प्रति माह (सभी सम्मिलित) तथा कामगारों के मामले में रु. 35000/- रूपये प्रति माह (सभी सम्मिलित) का समेकित भुगतान किया जाएगा।
7. अधिकृत अवकाश के अलावा माह के दौरान अनुपस्थिति को मुआवजे के भुगतान के प्रयोजन के लिए नहीं माना जाएगा। उस महीने में ऐसी अनुपस्थिति के दिनों की संख्या के लिए आनुपातिक आधार पर कटौती की जाएगी।
8. आयकर और अन्य वैधानिक कटौतियां, जो लागू हों, आपके भुगतानों के स्रोत पर ही काट ली जाएंगी।
9. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति साप्ताहिक अवकाश और अन्य लागू अवकाश सहित प्रत्येक 20 दिनों के काम के लिए एक दिन की सवैतनिक अवकाश का हकदार होगा। छुट्टी वास्तव में देय होने के बाद ही नियंत्रण अधिकारी की पूर्व मंजूरी से ली जा सकती है, अग्रिम प्रत्याशित में नहीं।
10. आपको स्वयं, पति या पत्नी और आश्रित बच्चों के लिए कार्यकाल अवधि में सरकारी उपक्रम की बीमा कंपनी से 2 लाख रूपए की प्रतिपूर्ति आधार पर मेडीकल पॉलिसी का लाभ 6 महीन से ज्यादा की अवधि का आबंधन होने पर ले सकते है।
11. आपको 6 महीने के लिए आपके कार्यकाल अवधि में सरकारी उपक्रम के बीमा कंपनी से केवल 3 लाख रूपये के दुर्घटना बीमा कवरेज के लिए प्रीमियम की प्रतिपूर्ति की जाएगी जो कि 6 माह से ज्यादा की आबंधन अवधि के बाद होगी।
12. इस नियुक्ति के कार्यकाल के दौरान, संविदा पर नियुक्त व्यक्ति पूर्ण रूप से सौंपे गए कार्य के लिए समर्पित होगा और पूर्ण या अंशकालिक आधार पर कोई अन्य रोजगार नहीं करेगा। इस शर्त का कोई भी उल्लंघन नीचे दिए गए खण्ड -16 के बावजूद कार्यकाल को तत्काल समाप्त कर देगा।
13. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को यह घोषणा देनी होगी/होगा कि वर्तमान में या अतीत में आपके खिलाफ कोई भी प्रकरण/अभिलेख/शिकायत दर्ज नहीं है जो आपको सेवा में लगे रहने के लिए अयोग्य घोषित करेगा। निम्नलिखित नियुक्ति के लिए अयोग्यता का गठन करेगा:
   - दिवालियापन

भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन ★ बैंक नोट मुद्रणालय, देवास (म.प्र.) ★ एस.पी.एम.सी.आई.एल. की इकाई

निरंतर...2/-

- एक आपराधिक अपराध के संबंध में जांच/परीक्षण का लंबित होना।
- आपराधिक अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि।
- अनुशासनात्मक कारवाई के अनुसरण में आपके पिछले रोजगार / रोजगारों में सेवाओं से बर्खास्तगी/समाप्ति।

14. आप कार्यकाल के दौरान प्राप्त आधिकारिक दस्तावेजों या जानकारी से संबंधित मामलों में पूर्ण गोपनीयता बनाए रखेंगे। आप अपने कार्यकाल के दौरान हर समय पूर्ण सत्यनिष्ठा, अनुशासन, कर्तव्य के प्रति समर्पण बनाए रखेंगे और एसपीएमसीआईएल के हित के खिलाफ कुछ भी नहीं करेंगे। इस शर्त का कोई भी उल्लंघन नीचे दिए गए खण्ड-16 के बावजूद आपकी कार्यकाल को तत्काल समाप्त कर देगा।
15. आपको सौंपे गए कार्य को पूरा करने हेतु सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर आपके प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी, यदि कार्य का प्रदर्शन असंतोषजनक होने की स्थिति में आपकी सेवाएं बिना किसी नोटिस के या बिना कोई कारण बताए नीचे दिए गए खंड 16 के बावजूद समाप्त की जा सकती हैं।
16. बीएनपी प्रबंधन को आपके कार्यकाल के दौरान एक महीने का नोटिस देकर आपकी सेवाओं को समाप्त करने का अधिकार होगा। इसी तरह, यदि आप अपने कार्यकाल को समाप्त करना चाहते हैं तो आप एक महीने का लिखित सूचना/नोटिस देकर या इस तरह के नोटिस के बदले एक महीने का समेकित मुआवजा जमा करना होगा।
17. आपके कार्यकाल के संबंध में कोई अन्य शर्त जो यहां दर्शाई नहीं गई है केवल प्रबंधन के एकमात्र विवेक/निर्णय पर आधारित होगा जो आप पर बाध्यकारी होगा।

परिशिष्ट–I

# वचन–पत्र

मैं, ............................................................ यह वचन देता हूँ कि यदि मुझे सलाहकार के रूप में अनुबंधित किया जाता है तो :–

1. मैं बीएनपी प्रबंधन द्वारा निर्धारित शिफ्ट समय का पालन करना सुनिश्चित करूंगा, साथ ही मैं नाईट शिफ्ट में आने की सहमति देता हूँ।

2. मैं कारखाना की निर्धारित समयावधि का पालन करूँगा/करूँगी। यदि आवश्यकता पड़ने पर कारखाना बढ़ी हुई कार्यावधि में चलाया जाता है तो मैं बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय लाभ का दावा किए उसका पालन करूँगा/करूँगी।

3. मैं यह आश्वासन देता हूँ कि यदि मुझे नियंत्रण विभाग में पदस्थ किया जाता है तो मैं ''फ्लीकर'' कम से कम 100 बंडल/ ''लेबल रायटिंग'' कम से कम 2000 बंडल/एवं ''रंग परीक्षण'' में कम से कम 14 रीम प्रति शिफ्ट पूर्ण करूँगा/करूँगी।

4. यदि मेरी पदस्थापना कटपैक–3 या 4 पर की जाती है तो मैं मशीन से लेबल छूट जाने पर उसी समय उस पैकेट पर लेबल लिखकर लगाना सुनिश्चित करूँगा/करूँगी तथा पारी समाप्ति तक सभी लेबल पूर्ण करूँगा/करूँगी।

5. मैं यह भी आश्वासन देता हूँ कि मैं कारखाने में किसी भी पद पर एवं किसी भी विभाग में कार्य करने को तैयार हूँ, चाहे वह कार्य मेरे पद का हो अथवा उच्च/निचले पद का हो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। साथ ही प्रबंधन के सभी नियम एवं शर्तें मुझे स्वीकार्य हैं।

6. मैं 15 दिनों की ट्रेनिंग अवधि में रहूँगा यदि ट्रेनिंग अवधि में कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो 15 दिनों का वेतन का भुगतान नही किया जाएगा।

मैं उपरोक्त शर्तों के अधीन सलाहकार के रूप में अनुबंधित आधार पर कार्य करने हेतु अपनी सहमति देता हूँ। उपरोक्त शर्तों को अमान्य करने अथवा उल्लंघन करने पर मेरा अनुबंध निरस्त किया जा सकता है।

दिनांक : ......................

________________________

हस्ताक्षर

नाम : ........................................

पूर्व पदनाम : ........................................

भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन * बैंक नोट मुद्रणालय, देवास (म.प्र.) * एस.पी.एम.सी.आई.एल. की इकाई

<u>अनुलग्नक-'ए'</u>

कामगार स्तर पर सलाहकार के पद के लिए आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची : –

| क्र.सं | विशेष/ब्यौरा | हां/नहीं | दस्तावेज़ के लिए 1,2,3 आदि के रूप में चिन्हित किया जाना है |
|---|---|---|---|
| 1. | चिकित्सा प्रमाण पत्र फ़िटनेस के लिए | | |
| 2. | नियम एवं शर्तों का अनुलग्नक हस्ताक्षर किया हुआ | | |
| 3. | सेवानिवृत्ति आदेश आदि की प्रति | | |
| 4. | अंतिम भुगतान पर्ची (आईडीए/सीडीए/अन्य) | | |
| 5. | पदनाम के स्तर संबंध में नियुक्ति आदेश एवं पदोन्नति आदेश | | |
| 6. | सेवानिवृत्ति के समय सहायक दस्तावेज के रूप में आईडीए/सीडीए/वेतनमान का स्तर और पदनाम | | |
| 7. | पीपीओ की कॉपी, यदि लागू हो तो | | |
| 8. | आयु प्रमाण-पत्र (कोई भी 10वीं-12वीं पास का सर्टिफिकेट/मार्कशीट आदि) | | |
| 9. | अनुभव प्रमाण-पत्र | | |
| 10. | नवीनतम पुलिस सत्यापन रिपोर्ट | | |

दस्तावेजों की कुल संख्या:______________________________

दिनांक: ___/___/ ______

स्थान: __________ (आवेदक के हस्ताक्षर)

भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन * बैंक नोट मुद्रणालय, देवास (म.प्र.) * एस.पी.एम.सी.आई.एल. की इकाई

## "सलाहकार' के पद के लिए आवेदन"

| |
|---|
| नवीन पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ चिपकायें |

1. पद का नाम: ____________________

2. उम्मीदवार का नाम: ____________________

3. पिता का नाम: ____________________

4. जन्म तिथि
   आयु (05.04.2025): वर्ष [ ] माह [ ] दिन [ ]

5. स्थायी पता: ____________________
   ____________________

6. पत्राचार के लिए पता: ____________________
   ____________________

7. फोन नंबर : ____________________

8. अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति की तिथि: ____________________

9. धर्म: ____________________

10. राष्ट्रीयता: ____________________

11. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/पूर्व सैनिक/शारीरिक रूप से विकलांग हैं: ______

12. पेशेवर से मैट्रिक तक की शैक्षिक योग्यता का विवरण:

| क्र.सं. | परीक्षा का विवरण | उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय | प्राप्त अंक | बोर्ड/विश्वविद्यालय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

13. नवीनतम रोजगार से शुरू होने वाले अनुभव का विवरण:

| संगठन का नाम | धारित पद और स्तर | अवधि | | वेतन के साथ वेतनमान | कुल परिलब्धियां | कर्तव्यों का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

निरंतर...2/-

भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन ★ बैंक नोट मुद्रणालय ★ (भा.प्र.मु.नि.लि.)

14. क्या कोई रिश्तेदार पहले से ही एसपीएमसीआईएल में काम कर रहा है यदि हां, तो संबंध निर्दिष्ट करें।

________________________________________

15. कंप्यूटर ज्ञान और अनुभव का विवरण: ______________________________

16. संलग्न अनुलग्नक-'ए' के अनुसार प्रमाणपत्रों/प्रशंसापत्रों की प्रतियां संलग्न की जानी हैं

## घोषणापत्र

मैं ____________________ एतद् द्वारा पुष्टि और घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन में दिए गए जानक़ारी सत्य और गलत नहीं हैं। मैं वचन देता/देती हूं कि इस आवेदन पत्र में कोई भी गलत जानकारी या भौतिक चूक अधोहस्ताक्षरी को तत्काल बर्खास्तगी के लिए उत्तरदायी बना देगी/देगा। उपरोक्त विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं।

दिनांक: ___/___/ ______

स्थान: __________

(आवेदक के हस्ताक्षर)